**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to set up international stadium, international airport and development of Bodh circuit in Kushinagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर):** माननीय सभापति जी, मेरा विषय खेल से संबंधित है। चूंकि इस आधुनिक परिवेश में खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। शायद इसीलिए हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री या हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री जी खेल और खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहन देने के लिए देश-प्रदेश में एक अभियान-सा चलाए हुए हैं।

एक समय था, मैं खुद स्टेट लेवल का एक खिलाड़ी रहा हूँ, उस समय संभावनाएं कम हुआ करती थीं, लेकिन आज माननीय मोदी जी के कार्यकाल में खेल को इस तरह से प्रोत्साहन दिया गया है कि ग्रामीण अंचलों के भी किसी खिलाड़ी को यदि अच्छा प्रशिक्षक, अच्छा स्टेडियम और खेल के अच्छे उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, तो निश्चित रूप से ग्रामीण अंचलों से भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकते हैं।

हमारे कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र में बौद्ध सर्किट एरिया में पर्यटन को आगे बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण, जो लगभग डेड पड़ चुका था, उसे डेढ़ वर्षों में यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी के आशीर्वाद से और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्य नाथ जी के भगीरथ प्रयास से वह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आज उड़ान की कगार पर है।

उस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को व्यापारिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने के लिए और कुशीनगर के बौद्ध सर्किट एरिया को दुनिया के मानचित्र पर ले जाने के लिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि यदि लगभग मृत हवाई अड्डे को

अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जा सकता है, तो कुशीनगर क्षेत्र में एक अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण भी कराया जा सकता है ।